**सं 35011/3/2026-एडी. ईडी**
**No. 35011/3/2026-Ad.ED**
**भारत सरकार**
**Government of India**
**वित्त मंत्रालय**
**Ministry of Finance**
**राजस्व विभाग**
**Department of Revenue**
**(प्रशा. प्रवर्तन निदेशालय अनुभाग)**
**(Ad.ED Section)**

कमरा नंबर 14108, कर्तव्य भवन - I, नई दिल्ली
Kartavya Bhawan-1,New Delhi
07 सितम्बर, 2026
07 September, 2026

## रिक्ति परिपत्र

**विषय:- प्रवर्तन निदेशालय में अपर निदेशक (अभियोजन) के पदों को प्रतिनियुक्ति आधार पर भरे जाने के संबंध में।**

प्रवर्तन निदेशालय में वेतन मैट्रिक्स के स्तर-13 [पीबी-4 के ₹37,400–67000 ग्रेड पे 8700 (पूर्व संशोधित) के साथ] में प्रतिनियुक्ति आधार पर अपर निदेशक (अभियोजन) के ग्रेड में पाँच(05) रिक्त पदों को भरने हेतु पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इसके अतिरिक्त,भविष्य में रिक्तियों की संख्या के सम्बंध में कोई भी परिवर्तन इस परिपत्र के अंतर्गत शामिल माना जाएगा।

2. I. भर्ती नियमों के अनुसार, निम्नलिखित श्रेणियों के अधिकारी पात्र हैं:

| | | |
|---|---|---|
| केंद्र सरकार के ऐसे अधिकारी जो- | | |
| (क) | (i) | मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हों; या |
| | (ii) | वे अधिकारी जिन्होंने मूल संवर्ग या विभाग में पे बैंड-3 के ₹15600-39100 तथा ग्रेड पे ₹7600 अथवा समकक्ष पदों पर नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात उस ग्रेड में पाँच वर्ष की सेवा पूरी की हो; तथा |
| (ख) | | निम्नलिखित शैक्षणिक योग्यता और अनुभव रखते हों: |
| | (क) | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विधि में स्नातक अथवा समकक्ष, |
| | (ख) | आयकर अधिनियम, सीमा शुल्क अधिनियम,फेमा,फेरा या अपराधिक नियम के उपबंधों सहित वित्तीय कानूनों के संबंध में कार्य करने का 12 वर्ष का अनुभव। |

II फीडर श्रेणी के विभागीय अधिकारी, जो पदोन्नति की सीधी पंक्ति में हैं, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार करने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार, प्रतिनियुक्त अधिकारी कार्मिक पदोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार करने के पात्र नहीं होंगे।

III प्रतिनियुक्ति की अवधि, किसी अन्य बाह्य-संवर्ग पद, जो उसी या किसी अन्य संगठन या केंद्र सरकार के विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किया गया था, में प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित, सामान्य रूप से चार वर्ष से अधिक नहीं होगी।

IV प्रतिनियुक्ति (आईएसटीसी) द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि के अनुसार छप्पन (56) वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

3. वेतन और भत्ते तथा अन्य शर्तें समय-समय पर संशोधित/पुनरीक्षित कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के का.ज्ञा. संख्या 6/8/2009-स्था. (वेतन II) दिनांक 17 जून, 2010 के अनुसार विनियमित की जाएंगी। अपर निदेशक (अभियोजन) विशेष प्रोत्साहन भत्ता(एसआईए) @ मूल वेतन का 20% भी प्राप्त करने के हकदार हैं।

4. अपर निदेशक (अभियोजन) से प्रवर्तन निदेशालय के सभी अभियोजन, मुकदमेबाजी और कानूनी मामलों के समन्वय, पर्यवेक्षण और निरीक्षण की अपेक्षा की जाती है। उनसे पीएमएलए, फेमा, एफईओए और अन्य संबद्ध कानूनों के तहत जांच, अभियोजन और नीतिगत मामलों पर कानूनी सलाह प्रदान करने की अपेक्षा की जाती है। अधिकारी महत्वपूर्ण न्यायिक आदेशों की पुनरीक्षा के अलावा अपील, संशोधन और अन्य कानूनी कार्यवाही की देखरेख करेगा। वह विधि एवं न्याय मंत्रालय के साथ समन्वय भी करेगा, सरकारी वकीलों के पैनल का प्रबंधन करेगा और पूरे निदेशालय में विधिक अनुभागों के कामकाज की निगरानी करेगा। अधिकारी से संगत कानूनों का व्यापक ज्ञान और अभियोजन, मुकदमेबाजी और कानूनी प्रशासन में व्यापक अनुभव रखने की अपेक्षा की जाती है।

5. संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारियों से अनुरोध है कि पात्र और इच्छुक अधिकारियों के आवेदन संलग्न प्रोफार्मा में निदेशक, प्रवर्तन निदेशालय,ब्लॉक –ए, प्रवर्तन भवन, डॉ ए.पी.जे. अब्दुल कलाम रोड, नई दिल्ली-110011 को अग्रेषित किए जाएं। यह विज्ञापन राजस्व विभाग की वेबसाइट http://dor.gov.in और प्रवर्तन निदेशालय की वेबसाइट https://www.enforcementdirectorate.gov.in/others/vacancies पर भी उपलब्ध है।

6. आवेदनों को अग्रेषित करते समय, संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी यह सत्यापित और सुनिश्चित करेंगे कि आवेदकों द्वारा दिए गए विवरण सही हैं और संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक मामला न तो लंबित है और न ही विचाराधीन है। आवेदनों के साथ निम्नलिखित दस्तावेज भी प्रेषित करें:

i. बायोडेटा
ii. पिछले पांच वर्षों के लिए उपलब्ध पूर्ण और नवीनतम गोपनीय रिपोर्ट (सीआर) डोजियर और उनकी सत्यापित प्रति
iii. सतर्कता प्रमाणपत्र/निकासी
iv. सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र /निकासी
v. संवर्ग स्वीकृति
vi. पिछले 10 वर्षों के दौरान अधिकारी पर लगाई गई छोटी/बड़ी शास्ति, यदि कोई हो, का विवरण।
vii. आवेदक से संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी द्वारा आवेदन प्राप्त करने की विशिष्ट तिथि।

7. आवेदकों से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध है कि उनके आवेदन एम्प्लॉयमेंट न्यूज/रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशित होने के **45 दिनों के भीतर निदेशक, प्रवर्तन निदेशालय, प्रवर्तन भवन, डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम रोड, नई दिल्ली 110011 तक** पहुंच जाएं।

तथापि, केवल संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी से प्राप्त ऐसे आवेदन जो उपर्युक्त पैरा 5 में उल्लिखित सभी दस्तावेजी औपचारिकता के साथ सभी दृष्टि से पूर्ण हैं, चयन के लिए विचार किये जायेंगे। अपूर्ण

आवेदन या नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन अस्वीकृत किए जा सकते हैं। किसी स्थान के लिए नियुक्त अधिकारी का स्थानांतरण प्रवर्तन निदेशालय की स्थानांतरण नीति के अनुसार किया जा सकता है।

8. आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले दस्तावेजों की एक जांच सूची भी प्रेषित करें। (प्रपत्र संलग्न)

**(राजीव लोचन)**
**अवर सचिव**

**सेवा में,**

1. **निदेशक, प्रवर्तन निदेशालय, प्रवर्तन भवन, डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम रोड, नई दिल्ली - 110011** को इस अनुरोध के साथ कि एम्प्लाइमेंट न्यूज/रोजगार समाचार, ईडी की वेबसाइट में इसे प्रकाशित करें तथा इसकी सूचना विभाग को भी दी जाय। प्रवर्तन निदेशालय से यह भी अनुरोध है कि वे रिक्ति परिपत्र को निम्नलिखित को परिचालित करें:

  i. भारत सरकार के सभी मंत्रालयों और विभागों तथा उनके संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालय।
  ii. सभी राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन के डीजीपी।
  iii. कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली।
  iv. व्यापक प्रसार के लिए सभी मुख्य आयुक्त/सीमा शुल्क एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क महानिदेशक।
  v. संयुक्त सचिव (प्रशासन), सीबीडीटी / संयुक्त सचिव (प्रशासन), सीबीआईसी, इस अनुरोध के साथ कि इस रिक्ति परिपत्र को सीबीडीटी / सीबीआईसी की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशन की व्यवस्था करने का कष्ट करें।
  vi. व्यापक प्रसार के लिए निदेशक सीबीआई, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली।

2. एनआईसी को राजस्व विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

## भाग-क
## जीवन वृत्त प्रपत्र

1. नाम और पता :
(स्पष्ट अक्षरों में)
2. जन्म तिथि :
3. केंद्र सरकार के नियमों के तहत सेवानिवृत्ति की तिथि :
4. उम्मीदवार किस सेवा और बैच से संबंधित है:
5. वर्तमान वेतन बैंड और ग्रेड पे :
6. वह तिथि जिससे वर्तमान वेतन बैंड और ग्रेड वेतन धारण किया गया है :

7. क्या पद के लिए अपेक्षित शैक्षणिक एवं अन्य योग्यताएं पूरी होती हैं? (यदि किसी योग्यता को नियमों में निर्धारित योग्यता के समकक्ष माना गया है, तो उसके लिए प्राधिकारी का उल्लेख करें)

| अनिवार्य योग्यता/अनुभव | अधिकारी की योग्यताएं/अनुभव |
|---|---|
| केंद्र सरकार के ऐसे अधिकारी जो-<br>(क) (i) मूल संवर्ग/विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हों; या<br><br>(ii) वे अधिकारी जिन्होंने मूल संवर्ग/विभाग में पे बैंड-3 के ₹15600-39100 तथा ग्रेड पे ₹7600 अथवा समकक्ष पदों पर नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात उस ग्रेड में पाँच वर्ष की सेवा पूरी की हो; तथा<br>(ख) निम्नलिखित शैक्षणिक योग्यताएं और अनुभव रखते हों:<br>(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विधि में स्नातक अथवा समकक्ष,<br>(ii) आयकर अधिनियम, सीमा शुल्क अधिनियम,फेमा,फेरा या अपराधिक नियम के उपबंधों सहित वित्तीय कानूनों के संबंध में कार्य करने का 12 वर्ष का अनुभव। | |

8. कृपया स्पष्ट रूप से बताएं कि क्या आपके द्वारा उपर्युक्त की गई प्रविष्टियों के आधार पर आवश्यकताओं को पूरा करते हैं:
9. रोजगार का विवरण कालक्रम के अनुसार। (यदि नीचे की जगह अपर्याप्त है तो अपने हस्ताक्षर से विधिवत प्रमाणित एक अलग पृष्ठ संलग्न करें).

(ए) आयकर अधिनियम, सीमा शुल्क अधिनियम, फेमा, फेरा या आपराधिक कानूनों के प्रावधानों सहित वित्तीय कानूनों हेतु कार्य करने का अनुभव।

| कार्यालय/संस्थान | धारित पद | दिनांक----- से | दिनांक----- तक | वेतन स्केल तथा मूल वेतन | किए गए कार्य की प्रकृति(विस्तृत विवरण दें) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |

10. वर्तमान रोजगार की प्रकृति, अर्थात तदर्थ या अस्थायी या अर्ध-स्थायी या स्थायी।

11. यदि वर्तमान रोजगार प्रतिनियुक्ति/अनुबंध के आधार पर है, तो कृपया निम्नलिखित का उल्लेख करें-

(क) प्रारंभिक नियुक्ति की तिथि :

(ख) प्रतिनियुक्ति/अनुबंध आधार पर नियुक्ति की अवधि

(ग) आपके मूल कार्यालय/संगठन का नाम और पता

12. वर्तमान रोजगार के बारे में अतिरिक्त जानकारी

कृपया बताएं कि क्या आप (संबंधित कॉलम के सामने अपने नियोक्ता का नाम लिखें) निम्नलिखित के अंतर्गत काम कर रहे हैं।

(क) केंद्र सरकार :

(ख) राज्य सरकार :

(ग) स्वायत्त संस्था :

(घ) सरकारी उपक्रम :

(ङ) विश्वविद्यालय :

(च) अन्य :

13 (ए) क्या आप वर्तमान में मूल संवर्ग या प्रतिनियुक्ति या किसी अन्य बाह्य संवर्ग पद पर कार्यरत हैं?, यदि प्रतिनियुक्ति या किसी अन्य संवर्ग पद पर कार्यरत हैं, तो प्रतिनियुक्ति या किसी अन्य बाह्य संवर्ग पद पर होने की तिथि

13 (ख) कृपया बताएं कि क्या आप प्रवर्तन निदेशालय में काम कर रहे हैं और फीडर ग्रेड में हैं।

14. क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं? यदि हाँ, तो वह तारीख बताएं जिससे संशोधन हुआ और पूर्व-संशोधित वेतनमान भी बताएं।

15. प्रतिमाह आहरित किया जा रहा कुल वेतन. :

16. अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई हो, जिसका आप पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में उल्लेख करना चाहेंगे।

(इसमें अन्य बातों के साथ- साथ निम्न संबंध में जानकारी दी जा सकती है

(i) अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यताएं :

(ii) व्यावसायिक प्रशिक्षण और :

(iii) रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन में :

निर्धारित कार्य अनुभव से अधिक कार्य अनुभव।
(नोट: यदि जगह अपर्याप्त है तो एक अलग पृष्ठ संलग्न करें।).

17. टिप्पणी- उम्मीदवार निम्नलिखित के संबंध में जानकारी दे सकता है

(i) अनुसंधान प्रकाशन और रिपोर्ट तथा विशेष परियोजनाएं

(ii) पुरस्कार/छात्रवृत्ति/आधिकारिक प्रशंसा

(iii) पेशेवर निकायों/संस्थानों/समितियों से संबद्धता

(iv) कोई अन्य सूचना

(नोट: यदि जगह अपर्याप्त है तो एक अलग पृष्ठ संलग्न करें।)

18. संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी का नाम और पता:

मैंने रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन को ध्यान से पढ़ लिया है और मैं अच्छी तरह से जानता हूँ कि मेरे द्वारा जमा किए गए दस्तावेजों द्वारा विधिवत समर्थित जीवन वृत्त का भी चयन समिति द्वारा पद के लिए चयन के समय मूल्यांकन किया जाएगा।

अभ्यर्थी के हस्ताक्षरः________________

पता________________________

________________________

मोबाइल/टेलीफोन न.________________

ई मेल________________________

तिथि________________________

## भाग-ख

### केवल संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी/विभाग के उपयोग के लिए।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | क्या आवेदन की अंतिम तिथि पर अधिकारी पात्रता की आवश्यकता को पूरा करता है ? | |
| 2.(क)(i) | अधिकारी के खिलाफ कोई सतर्कता मामला लंबित या विचाराधीन ? | |
| (ii) | यदि हाँ, तो कृपया विवरण दें। | |
| (ख)(i) | क्या पिछले दस वर्षों के दौरान प्रस्तावित अधिकारी पर कोई बड़ी/छोटी शास्ति लगाई गई है? | |
| (ii) | यदि हाँ, तो कृपया विवरण दें। | |
| (iii) | क्या आज की तारीख के अनुसार कोई दण्ड सक्रिय है? | |
| (ग) | क्या अधिकारी वर्तमान में मूल संवर्ग या प्रतिनियुक्ति या अन्य बाह्य संवर्ग पद पर कार्यरत हैं? यदि प्रतिनियुक्ति या अन्य बाह्य संवर्ग पद पर कार्यरत हैं तो ऐसी प्रतिनियुक्ति अथवा अन्य बाह्य संवर्ग पद पर तैनाती की तारीख तथा संवर्ग स्वीकृति के शेष समय अवधि का उल्लेख करें।<br><br>क्या इस पद के लिए अपेक्षित अनुसार अधिकारी को सक्षम प्राधिकारी द्वारा संवर्ग मंजूरी दी गई है? | |
| (घ) | क्या वर्ष 2025 के अंत में आईपीआर निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रस्तुत किया गया है? | |

यह प्रमाणित किया जाता है कि अधिकारी द्वारा प्रस्तुत जानकारी/प्रविष्टियों को अधिकारी के सेवा अभिलेखों से सत्यापित किया गया है।

दिनांक :

हस्ताक्षर_____________

नाम:

पदनाम

(मुहर सहित)

## संलग्न किए जाने वाले दस्तावेजों की जाँच सूची

(कृपया सही का निशान लगाएं)

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रपत्र प्रायोजक प्राधिकरण द्वारा विधिवत अग्रेषित आवेदन | |
| 2. | पिछले पांच वर्षों के लिए पूर्ण और अद्यतित एसीआर/एपीएआर डोजियर तथा उनकी सत्यापित प्रतियाँ। | |
| 3. | यदि किसी विशेष वर्ष या वर्ष के एक भाग (तीन महीने से अधिक) के लिए ए.सी.आर./ए.पी.ए.आर. नहीं लिखा गया है, तो पिछली वर्ष (वर्षों) के ए.सी.आर./ए.पी.ए.आर. के साथ संलग्न उक्त अवधि के लिए एक नो रिपोर्ट प्रमाणपत्र (एन.आर.सी.) संलग्न किया जाय। | |
| 4. | सतर्कता मंजूरी प्रमाणपत्र | |
| 5. | सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र | |
| 6. | पिछले 10 वर्षों के दौरान बड़ी/छोटी शास्ति का विवरण | |
| 7. | संवर्ग नियंत्रण/नियुक्ति प्राधिकारी से संवर्ग मंजूरी(यदि लागू हो तो) | |

अग्रेषित करने वाले अधिकारी के हस्ताक्षर
(मुहर सहित)